**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**19.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे**

**किसान सम्मान निधि योजना**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कोयंबटूर में देश भर के 9 करोड़ किसानों को 18 हज़ार करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किस्त जारी करेंगे। इस योजना की ये 21वीं किश्त है जिसमे किसानों के खातों में सीधे 2 हज़ार रूपये की राशि जमा होगी। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा मानसून के दौरान आई प्राकृतिक आपदा के चलते हिमाचल प्रदेश, पंजाब,जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड के किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किश्त पहले ही 26 सितंबर 2025 को जारी कर दी गई थी।

**पद यात्रा**

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर इस वर्ष देश भर में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हिमाचल में भी विभिन्न क्षेत्रों में पदयात्राएं निकाली जा रही है। आज शिमला में आयोजित हो रही पदयात्रा पर अधिक ब्योरे के साथ न्यूज रूम से हमारी सहयोगी

भारत के प्रथम उप–प्रधानमंत्री व गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर इस वर्ष एकता दिवस यानि 31 अक्टूबर से 37 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण और एकता के लिए उनके योगदान को याद किया जा रहा है। इसी के तहत 2 चरणों में युनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है जिसमे 25 नवंबर तक देश के सभी जिलों में पैदल मार्च आयोजित किए जा रहे है । इसी कड़ी में आज शिमला में एक पद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसमे शहर में संजौली टनल से रिज मैदान होते हुए अंबेदकर चौक तक यात्रा आयोजित होगी। सांसद और पूर्व भाजपा अध्यक्ष सुरेश कश्यप की अगुआई में इस पदयात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

**इंदिरा गांधी जयंती**

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती पर आज देश सहित प्रदेश में भी कई कार्यक्रमों के माध्यम से आयरन लेडी इंदिरा गांधी को याद किया जा रहा है। इंदिरा गांधी को उनके नेतृत्व क्षमता ऐतिहासिक निर्णय बांग्लादेश युद्ध, आर्थिक सुधार और आधुनिक भारत के निर्माण में किए गए योगदान के लिए याद किया जाता है। राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आज श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जहां मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और अन्य गणमान्य लोग इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

इसके बाद मुख्यमंत्री आज सोलन जिला के एकदिवसीय दौरे पर रहेंगे, जहां वे बद्दी और बरोटीवाला में विभिन्न विकासात्मक कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे और बद्दी में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण विभाग व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह आज से चंबा जिला के दौरे पर रहेंगे। विक्रमादित्य सिंह आज डलहौज़ी मास्टर प्लान पुस्तक का विमोचन करने के पश्चात डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चकरा से शेरपुर को जोड़ने वाले सड़क सम्पर्क मार्ग की आधारशिला रखेंगे। लोक निर्माण मंत्री बाद दोपहर चम्बा जिला मुख्यालय में चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों का निरिक्षण करेंगे। इसके पश्चात विक्रमादित्य सिंह चम्बा के ऐतिहासिक चौगान में चल रही बीसवीं राजकुमार बृजेन्द्र सिंह मेमोरियल क्रिकेट खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहेंगे।

**फुटबॉल प्रतियोगिता**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इंटर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता का कल चंबा के ऐतिहासिक चौगान मैदान से आगाज हुआ। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से आई 16 टीमों के 320 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि चम्बा सदर के विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि चम्बा के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल इस बात की है कि उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया जाए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जिला के खिलाड़ियों के लिए समस्त जरुरी सुविधाएं जुटाई जाएंगी।

**शीतकालीन सत्र**

प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के लिए विधायकों की ओर से 600 से अधिक प्रश्न विधानसभा सचिवालय पहुंच चुके हैं। सत्र 26 नवंबर से 5 दिसंबर तक धर्मशाला के तपोवन में होगा। विधानसभा सचिवालय ने विधायकों को आज रात तक प्रश्न भेजने का समय दिया है।

सत्र को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही तैयारी कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज शिमला में भाजपा विधायक दल की एक अहम बैठक होने जा रही है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज भी मौसम साफ़ बना हुआ है। हालाँकि सुबह शाम के तापमान में गिरावट के चलते लोगों को शुष्क ठण्ड का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के न्यूनतम तापमान में 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। प्रदेश के जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में भी बर्फ़बारी न होने से नदी नाले जमने लगे हैं। घाटी के लोगों कहना है कि नवंबर के महीने में बर्फ़बारी न होने के चलते लोगों को भारी शुष्क ठण्ड का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने आगामी एक सप्ताह तक मौसम के साफ़ बने रहने की सम्भावना जताई है।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है दोपहर 3 .00 बजे । नमस्कार